छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर

आदेश पत्रिका

क्रमांक – 182 प्रकरण क्रमांक –**SM-EXP-2024-02317**

आवेदक : छत्तीसगढ़ रेरा विरूद्ध ''क्रॉस विंड्स'', प्रमोटर–आर.ए. रियल एस्टेट प्रा.लि., द्वारा–श्री राकेश कुमार अग्रवाल, पता–गुजराती स्कूल के सामने, के.के. रोड, मौदहापारा, रायपुर (छ.ग)

प्रोजेक्ट–''क्रॉस विंड्स'' पता–जिला–रायपुर (छ.ग.)

आदेश कार्यवाही की तारीख व स्थान	आदेश अथवा कार्यवाही	पक्षकार अथवा प्रतिनिधि के हस्ताक्षर
08/05/2024	– प्रकरण प्रस्तुत। – भू–संपदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 धारा–5, अंतर्गत अनावेदक का प्रोजेक्ट ''क्रॉस विन्ड्स'' पंजीयन क्रमांक–**PCGRERA040718000444** के रूप में छत्तीसगढ़ रेरा में दिनाँक 04.07.2018 से पंजीकृत कराया गया है। उक्त प्रोजेक्ट की रेरा पंजीयन की वैधता दिनाँक 24.02.2019 को समाप्त हो चुकी है। प्रमोटर द्वारा उक्त प्रोजेक्ट का पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतः भू–संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा–3 अनुसार प्रोजेक्ट अवैध प्रोजेक्ट की श्रेणी में आ चुका है। उक्त कृत्य भू–संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा–3 के उपबंधों का उल्लंघन है, जिसके लिये अधिनियम की धारा–59 के अधीन प्रोजेक्ट लागत का 10 प्रतिशत तक शास्ति अधिरोपित किये जाने का प्रावधान है। रजिस्ट्रार, छ..ग द्वारा प्रतिवेदन दिनाँक 14.12.2023 के अनुसार यह पाया गया है कि संबंधित प्रमोटर द्वारा अधिनियम के उक्त प्रावधानों का अवहेलना व उल्लंघन करते हुये उक्त प्रोजेक्ट की वैधता समाप्त होने के बावजूद प्रोजेक्ट का पूर्णता प्रमाण पत्र नियमानुसार प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतः प्राधिकरण द्वारा अनावेदक के विरूद्ध दिनाँक 11.03.2024 को प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। – प्राधिकरण द्वारा प्रश्नाधीन प्रोजेक्ट से संबंधित समस्त दस्तावेजों का अवलोकन व अध्ययन किया गया। अनावेदक द्वारा प्रोजेक्ट का कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये सक्षम प्राधिकारी को दिनाँक 13.01.2017 एवं दिनाँक 13.04.2024 को पत्र प्रेषित किया गया है। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर अनावेदक को भविष्य में पुनरावृत्ति नहीं करने की चेतावनी देते हुये प्रकरण समाप्त किया जाता है। – आदेश की प्रति प्राधिकरण के वेबपोर्टल पर अपलोड की जावे।	

छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर

आदेश पत्रिका

क्रमांक – 182 प्रकरण क्रमांक –**SM-EXP-2024-02317**

आवेदक : छत्तीसगढ़ रेरा विरूद्ध ''क्रॉस विंड्स'', प्रमोटर–आर.ए. रियल एस्टेट प्रा.लि., द्वारा–श्री राकेश कुमार अग्रवाल, पता–गुजराती स्कूल के सामने, के.के. रोड, मौदहापारा, रायपुर (छ.ग)

प्रोजेक्ट–''क्रॉस विंड्स'' पता–जिला–रायपुर (छ.ग.)

आदेश कार्यवाही की तारीख व स्थान	आदेश अथवा कार्यवाही	पक्षकार अथवा प्रतिनिधि के हस्ताक्षर
	– प्रकरण नस्तीबद्ध कर अभिलेख कोष्ठ में दाखिल किया जावे। सही / – (धनंजय देवांगन) सदस्य	